रक्षा और पोषण के लिये जिन लोगों ने जो जो काम किये हैं और आदर्श उपस्थित किये हैं उन का जिक्र नहीं करना चाहता, जैसे कि कई मेम्बर उदाहरण के रूप में सुनाया करते हैं, लकिन इतना जरूर कहना चाहता हूं कि चौथे आम चुनाव के परिणाम आने के बाद हरियाणा में, बंगाल में, बिहार में, मध्य प्रदेश में, पंजाब में और यहां तक कि राजस्थान में जिस तरह से मंत्रिमंडलों का निर्माण और विस्तार कर के हम ने प्रजातन्त्र को कायम करने की कोशिश की है, उस तरह से यह प्रजातन्त्र हमारे लिये मंहगा पड़ने वाला है। प्रजातन्त्र के लिये यह शुभ चिह्न नहीं है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि मंत्रिमंडलों का विस्तार इस बात का द्योतक है कि हमारी दिलचस्पी देश की सेवा में, राष्ट्र की सेवा में या सार्वजनिक सेवा में उतनी नहीं है जितनी मंत्री बनने में है या पद प्राप्त करने में है। यह जो पदलोलुपता है यह सचमुच हमारे राष्ट्र के लिये एक भयंकर खतरे के रूप में सामने आई है। इस लिये मैं खास तौर से उन लोगों से कहना चाहता हूं जो गांधीजी से अनुप्राणित रहे हैं या जो गांधी जी का उदाहरण दिया करते हैं कि उन को विशेष रूप से इस समस्या पर विचार करना है, क्योंकि जो स्वयं उत्तरदायित्व के लिये तैयार नहीं हैं, स्वयम् सत्ता-परस्ती और पद लोलुपता के अथवा कुर्सी के शिकार हैं वह समाज और देश का विकास क्या करेंगे? इस लिये मुझ को इस बिल का हृदय से स्वागत करना है।

यह बिल केवल किसी पार्टी के लिये नहीं है, यह एक राष्ट्रीय विषय है, यह एक राष्ट्रीय कार्य है और राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। चौथे आम चुनाव के बाद सभी पार्टियां ने यह रूप सामने रक्खा है कि उन्हें सार्वजनिक सेवा और राष्ट्र से अधिक चिन्ता अपने स्वार्थ-पूर्ति की है। चाहे मध्य प्रदेश में हो, चाहे हरियाणा में हो या कहीं और हो, उन्होंने इस बात की चेष्टा की कि जिस तरह से भी हो उनको मंत्रिमंडल कायम रखना चाहिये और अपने शासन को आगे बढ़ाना चाहिये। मुझे बड़ी प्रसन्नता होती है कि लोगों ने दिल खोल कर कांग्रेस का विरोध किया और जनता ने दिल खोल कर उनका साथ दिया। लेकिन सरकार में आने के बाद और मंत्रिमंडल बनाने के बाद वह देश के सामने कोई आदर्श की तस्वीर पेश करते। कांग्रेस से नाराज होकर जिन्होंने जनता का मत प्राप्त किया और लोगों ने दिल खोल कर जिन को चुनकर भेजा उन से उस ने यह आशा की थी कि वह नये मंत्रिमंडल एक आदर्श उपस्थित करेंगे लेकिन दुर्भाग्य का विषय है विरोधी पार्टियों की जो संविद सरकारें थीं उन्होंने तारीफ के योग्य कोई आदर्श उपस्थित नहीं किया। इस सम्बन्ध में एक बीमारी हो गई है। प्रजातंत्र के अन्दर और यदि हम चाहते हैं कि हम प्रजातंत्र को इस बीमारी से मुक्त करें तो यह आवश्यक है कि हम इस बात पर गम्भीरता से विचार करें। भारत सरकार और यह संसद् इस बात को अपने सामने रक्खे कि यदि हमको प्रजातंत्र को इस देश में विकसित करना है। तो वह केवल प्रजातंत्र के ढांचे और कानून से विकसित नहीं होगा। वह हमारी अन्तरात्मा और हमारे नैतिकता के विचारों से विकसित होगा। प्रजातंत्र तभी पनप सकता है जब हृदय से देश के सामने और आने वाली पीढ़ी के सामने एक परम्परा विकसित करें।

इसलिये उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, मद्रास, आंध्र जैसे प्रदेशों में, जैसा श्री मधु लिमये ने कहा, बहुत बड़े मंत्रिमंडल न बनाये जायें। इन प्रदेशों में मंत्रियों की संख्या 25 की निर्धारित कर दी जाये और असम, राजस्थान, उड़ीसा ऐसे राज्यों के लिये निश्चित कर दिया जाये कि अधिक से अधिक 15 मंत्री रहेंगे जिनमें उपमंत्री और मंत्री दोनों सम्मिलित हों। मेरे कहने का मतलब यह है कि जितनी अधिक मंत्रिमंडल की संख्या रहेगी, जितना बड़ा उसका कलेवर रहेगा, उतना ही उसका

[श्री ओंकार लाल बोहरा]

प्रभाव जनता पर कम पड़ेगा। जितनी कम उनकी संख्या रहेगी उतनी ही उसकी कार्य करने की क्षमता और सार्वजनिक सेवा का रूप सामने आयेगा। हमें इस बात को ईमान्दारी से कबूल करना चाहिये कि आज हमारे देश में सेवा का रूप बहुत कम है। इसलिये यदि हम मंत्रिमंडल का अधिक विस्तार करेंगे और बड़ा कलेवर रक्खेंगे तो हम अच्छी क्वालिटी देश के सामने नहीं रख सकेंगे। इसलिये मंत्रिमंडलों का निर्माण करते समय, मंत्रियों का चयन करते समय राजनीतिक पार्टियां इस बात का ध्यान रक्खें कि जिन मंत्रियों को वह रक्खें उनकी सार्वजनिक सेवा का रेकार्ड भी हो। उन का केवल कुछ सीटों से सम्बन्ध न हो या यह तर्क नहीं होना चाहिये कि उसके पास-पांच या सात एम एल ए या एम पी हैं। सार्वजनिक जीवन में उनकी कुछ इमेज होनी चाहिये, उनका चरित्र और आचरण लोकापवाद से दूर रहना चाहिये। तभी हम देश को कुछ दे सकेंगे।

मैं आपका समय अधिक न लेता हुआ इतना ही कहना चाहता हूं कि मंत्रियों की संख्या अधिक नहीं होनी चाहिये। आज तो यह स्थिति हो गई है कि जो एक बार मंत्री बन गया, जब तक वह हारे नहीं या जब तक उस की मृत्यु न हो जाये तब तक उसके लिये मंत्रि पद सुरक्षित है। यह कितने बड़े दुर्भाग्य की बात है कि जो भी चीफ मिनिस्टर आज होता है उस पर इस बात का दवाव पड़ता है, आग्रह होता है कि जो एक बार मंत्री बन गया वह सदा के लिये मंत्री बना रहे। जो भी 1952 में मंत्री बन गया जब तक वह हारे नहीं या जब तक उसकी मृत्यु न हो जाय तब तक वह मंत्री के रूप में रहेगा। मैं समझता हूं कि यह हमारी सामन्तवादी मनोवृत्ति है, पूंजीवादी मनोवृत्ति है जो प्रजातंत्र का गला घोटती है। इसलिये मंत्रियों का चयन करते समय इस बात का ध्यान रक्खा जाना चाहिये कि एक आदमी लम्बे समय तक मंत्री न बना रहे। रोटेशन चलता रहे और नये और अच्छे आदमियों को मौका मिलता रहे। लेकिन आज होता यह है कि एक बार मंत्री बनने के बाद अगर किसी को दुबारा मंत्री पद नहीं मिलता तो वह मंत्रिमंडल को गिराने की पार्टी को गिराने कोशिश करता है। इस तरह की राजनीति का खून उसके लग गया है। आज यह एक राष्ट्रीय समस्या हो गई है। आज जो भी चीफ मिनिस्टर बनता है उसके सामने सबसे बड़ी समस्या यह हो गई है कि वह किस को खुश रक्खे किस को न रक्खे। जब तक यह स्थिति रहेगी मंत्रिमंडल पर दवाव रहेगा और हमारे प्रजातंत्र का वह गला घोंट देगी जो कि अभी अपनी शिशु अवस्था में है। यदि हम चाहते हैं कि सचमुच सच्चे रूप में प्रजातंत्र का विकास हो और स्वच्छ परम्पराओं का प्रारम्भ हो तो न केवल मंत्रियों की संख्या घटनी चाहिये बल्कि उनकी सार्वजनिक सेवा का रेकार्ड भी होना चाहिये। और उनकी सेवा के दृष्टिकोण को सामने रखना चाहिये। तभी हम देश को प्रजातंत्र का एक अच्छा रूप दे सकेंगे।

**श्री सरजू पाण्डेय** (गाजीपुर) : सभापति महोदय, यह जो बिल सदन में आया है उसका आम तौर से सभी सदस्यों ने अनुमोदन किया है और मैं भी उसका समर्थन करता हूं। मगर मैं दो तीन प्रश्न कांग्रेसी सदस्यों से आपके माध्यम से करना चाहूंगा। मैं ऐसा समझता हूं कि उन्होंने ऊपरी मन से इस बिल का समर्थन किया है, लेकिन भीतर भीतर उसमें इस बात का डर मौजूद है कि अगर यह बिल पास हो जायेगा तो इन बेचारे मिनिस्टरों का क्या होगा।

**श्री श्रीं०रलाल बोहरा** : यह आप गलत सोच रहे हैं।

**श्री सरजू पाण्डेय** : यह ऊपर ऊपर से इस तरह से कहते हैं, लेकिन भीतर से सोचते हैं कि यह बेचारे मंत्री लोग जाबलेस हो जायेंगे और इन गरीबों का क्या होगा। इस लिये इस तरह वह विरोधियों पर हमला कर रहे हैं। और यह कहते हैं कि विरोधियों ने कोई आदर्श उपस्थित नहीं किया है। मैं कहता हूं कि आपने हमेशा आदर्श को तोड़ा है। आप खुद अपने दामन में झांक कर देखें कि यह जो परम्परा है क्या इसको आपने ही नहीं डाला है....

**एक माननीय सदस्य** : जनता ने आप से बहुत आशा की थी लेकिन वह पूरी नहीं हुई।

**श्री सरजू पाण्डेय** : इससे पहले कि आप हमें गाली दें आपको देखना चाहिये कि आपकी पार्टी देश की सब से बड़ी पार्टी है और आपकी बड़ी भारी परम्परा रही है, आपका बड़ा नाम रहा है। लेकिन क्या यह सच नहीं है कि दल बदलकों को सब से पहले आपने ही प्रोत्साहन दिया है? किस ने अशोक मेहता साहब को प्रजा समाजवादी पार्टी से निकाल कर कुर्सी पर बिठाया, किस ने उनको मंत्री पद दिया, मंत्री पद के आसन पर बिठाया? आपने ही तो बिठाया था। हमने तो नहीं बिठाया था। सैकड़ों मिसालें दी जा सकती हैं जिन में आपने विरोधियों को तोड़ कर कुर्सी पर बिठाया। ऐसे लोगों ने जिन्होंने हमेशा राष्ट्रीय आन्दोलन में जनता पर गोलियां चलाई, जिन्होंने अंग्रेजों के जूते चाटे, ऐसे लोग किस दल में हैं? क्या आपके दल में हो नहीं हैं। इसका मैं चाहता हूं कि आप जवाब दें। किस पार्टी के लोगों ने अब दल बदले हैं? कांग्रेसियों की ओर से ही तो बदले गये हैं।

एक माननीय सदस्य ने कहा कि क्वालिटी और क्वांटिटी दोनों देखी जानी चाहिये। यह भी कहा गया कि विरोधियों ने ऐसे लोगों को मंत्री बनाया जो अंगूठा टेक थे। अगर आप नाम गिनना चाहें तो मैं आपको गिना सकता हूं कि आप की पार्टी में कैसे कैसे लोग हैं। आप उनका रिकार्ड मंगा कर देख भी सकते हैं कि कितने दर्जे तक वे पढ़े हुए हैं। आपने ऐसे ऐसे लोगों को मंत्री बनाया जो खुद तो अंगूठा क्या टेकना, दो दो आदमी पकड़ कर टिकायें तब भी नहीं टिका सकते थे। आप अपनी बात नहीं करते हैं।

यह कहा गया है कि मंत्री को चरित्रवान होना चाहिये। कितने चरित्रवान मंत्री हैं आपकी पार्टी में इसको आप देखें। कल ही आचार्य कृपलानी ने कहा था कि चाहे कोई कितना ही चरित्रवान हो लेकिन वह ऐसा होना चाहिये कि कोई उसको शक की निगाह से न देख सके। मोटिव चाहे कोई न भी हो लेकिन मुरारजी देसाई जी जैसे लोग भी हैं जिन्होंने अपने बेटे को अपना प्राइवेट सैक्रेटरी बना रखा है। अब वह चाहे कितने ही चरित्रवान हों लोग उनको शुबहे की दृष्टि से देखेंगे ही।

यह कहा गया है कि विरोधियों ने गड़बड़ी कर दी है। यह ठीक है कि हरियाणा में हो गई, बंगाल में हो गई, बिहार में हो गई। लेकिन मैं कहता हूं कि इस सब की जननी आप हैं। देश में जितनी भी गड़बड़ी होती है, जो भी इस तरह के काम होते हैं, आपकी तरफ से ही होते हैं।

कुछ माननीय सदस्यों ने यह भी कहा है कि विरोधी लोग लालच देते हैं। मेरा उत्तर यह है कि हम क्या लालच दे सकते हैं। हमारे पास है ही क्या। मंत्री पदों का लालच तो आप ही दे सकते हैं। आप देखें कि कांग्रेस सरकारों ने कितने लोगों को मंत्री बनाया और सिर्फ इसलिये बनाया कि वे कांग्रेस में बने रहें। अगर आप में हिम्मत थी तो आपको इस स्थिति का मुकाबला करना चाहिये था। अभी अभी श्रीमती विजय लक्ष्मी

[श्रीसरजू पाण्डेय]

पंडित ने जो कुछ कहा है, वह अखबारों में छपा है। वह कांग्रेस की बड़ी नेता हैं और बहुत दिनों से कांग्रेस की सेवा की है। वह खुद कहती हैं कि मैं बैक बैंचर बन कर पार्लिमेंट में बैठी नहीं रह सकती थी। अब आप देखें कि कौन फ्रंट बैंचर हो सकता है ? फ्रंट में कौन बैठता है ? मंत्रियों के अलावा और कोई आदमी क्या बैठ सकता है। बाकी सभी आदमी बैक बैंचर ही तो हैं। मैं समझता हूं कि अगर आपका सुधार हो जायेगा तो देश का भी सुधार हो जायेगा। दल बदलुओं के लिये आपके यहाँ स्थान है, देश द्रोहियों के लिये आपके यहाँ स्थान हैं, उनकी आपके यहाँ इज्जत है, देश के अन्दर जो भी लोग गड़बड़ी करते हैं वे आपके यहाँ ही तरक्की पाते हैं। जितने निरक्षर भट्टाचार्य कांग्रेस में हैं किसी दल में नहीं हैं। शिव नारायण जी को अगली बार अगर मंत्री नहीं बनाया तो वह भी कांग्रेस छोड़ कर इधर आ जायेंगे।

इस वास्ते मैं कहना चाहता हूं कि यह जो समस्या है इस पर हम सब को मिल कर विचार करना चाहिये। मैं नहीं समझता हूं कि मंत्रियों की संख्या घटाने से ही दल बदल पर रोक लग सकती है। इसमें मुझे शुबहा है कि ऐसा हो सकता है। मैं इस प्रस्ताव से सहमत हूं कि पूरे हाउस के मेम्बरों की संख्या के एक बारहवें हिस्से तक को ही मंत्री बनाया जाये। तब भी मंत्रियों की संख्या 41 हो जायेगी उस हिसाब से जितनी इस सदन की सदस्य संख्या है। उत्तर प्रदेश जैसे प्रान्त में भी 40–41 होगी क्योंकि वहाँ की सदस्य संख्या चार सौ के करीब है। इसको आप और घटाइये। मैं नहीं समझता हूं कि मंत्रियों की संख्या कम कर देने से आप दल बदल की प्रवृत्ति पर रोक लगा सकते हैं। असल समस्या तो यह है कि मंत्री पद के लिये जो मोह लोगों में है उसको किसी तरह कम किया जाये। अगर दस आदमियों को भी आप मंत्री बनाते हैं और उनको सुविधायें देते हैं, उनको आनर मिलता है, उनके पीछे जनता के लोग या वैस्टिड इंटरेस्ट्स के लोग घूमते हैं, तो मंत्री तो लोग बनना चाहेंगे ही। तब तो लोग कहेंगे कि चलो मंत्री हो जाओ, हम भी फायदा उठा लें। देश में अगर यह परम्परा कायम रहेगी तो इस एक्ट के पास हो जाने के बाद भी इसका कोई बड़ा लाभ नहीं होगा। ईमानदारी की बात यह थी कि कांग्रेस के लोग विरोधियों पर कीचड़ उछालने के बजाय ईमानदारी से सोचते कि लोग क्यों मंत्री बनने के लिये दलों को छोड़ते हैं और अपनी ईमान-फरोशी करते हैं और इसका कोई रास्ता आपको निकालना चाहिये था। ऐसा करने के बजाय आपने यह कहना शुरू कर दिया कि विरोधी दलों में सब खराबियां हैं और हमारे अन्दर कुछ भी खराबियां नहीं हैं। आप इस पर गम्भीरता से विचार करो। आपका दल एक बहुत बड़ा दल है। हमारे तो छोटे छोटे दल हैं। हम यह दावा भी नहीं करते हैं कि देश भर में हमारी कोई बहुत बड़ी फालोइंग है और देश हमें नेता मानता है। आपको देश नेता मानता है। आपने जो गलत काम किये हैं उन पर अब भी आप कायम हैं उनको आप अब भी करते आ रहे हैं।

यह सुना जाता था कि देश में आपके सिवाय कोई शक्ति नहीं है जो देश को युनाइट कर सके। लेकिन आप तो हम से भी बुरे निकले। बख्शी गुलाम मुहम्मद ने एक बार कांग्रेस की मीटिंग में कहा था कि हम तो डूबेंगे मगर यार को ले डूबेंगे। आप तो डूब ही रहे हैं लेकिन औरों को भी साथ ले कर डुबा रहे हैं।

लिमये जी का जो प्रस्ताव है यह बहुत बढ़िया प्रस्ताव है। इस पर आप विचार करें और यह जो मांग की गई है कि इसको पास किया जाये इसको आप मान लें। इससे आप मत डरिये कि मंत्री आप को छोड़ कर चले जायेंगे। जो एम० पी० या एम०एल०ए०

नहीं रहता है वह कहां जाता, वह भी तो पार्टी में रहता ही है। इसी तरह से जो मंत्री नहीं रहेगा वह भी पार्टी में ही तो रहेगा। इस वास्ते आप देश में जो अवस्था उत्पन्न हो रही है मंत्री पदों के लिये जो मोह बढ़ रहा है इस पर रोक लगायें। आप खुद अपने ऊपर पाबन्दी लगायें। आप खुद ही अगर दल बदलुओं को सराहने लग जायेंगे तो फिर दूसरों से आप क्या आशा कर सकते हैं।

इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं और प्रार्थना करता हूं कि संविधान में इस परिवर्तन को लाकर आप इस परम्परा को कायम करें ताकि भविष्य में न केवल खर्चा बच सके बल्कि एक स्वस्थ परम्परा का भी श्रीगणेश हो सके।

**श्री तुलशीदास जाधव** (बारामती) : सभापति महोदय इस बिल की इंटेंशन को अगर देखा जाये तो वह बड़ी अच्छी है। इसमें आर्टिकल 75 और आर्टिकल 164 जो प्रान्तीय सरकारों और केन्द्रीय सरकार में चीफ मिनिस्टर्ज और प्राइम मिनिस्टर को मिनिस्टरों की नियुक्ति के बारे में हैं, माननीय सदस्य महोदय ने एमेंड करना चाहा है। इस बिल के स्टेटमेंट आफ आबजैक्ट्स एंड रीजंज को आप देखें। इसमें मिनिस्टर्ज की तादाद को बढ़ाने या कम करने पर उन्होंने रेस्ट्रिक्शन लगाने का सुझाव नहीं दिया। उनका कहना यह है :

The *Statement of Objects and Reasons says* that "of late the expansion of the Cabinet has been used by the ruling Congress Party to perpetuate itself in office and the Opposition Parties too now in power in several States have been unable to resist the temptation of imitating this bad example"?

**16.26 hrs.**

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

सत्ता हमेशा के लिये उनके हाथ में रहे इसलिये मिनिस्टर ज्यादा न बढ़ायें यह बिल का उद्देश्य है। इस उद्देश्य की पूर्ति हो इसके पीछे जो उनकी विचारधारा है वह यह है कि पिछले एक वर्ष के अन्दर जो डिफैक्शंज हुई हैं और लोग इधर उधर गये हैं उससे अनैतिकता की बू आती है या जिसको लायलटी कहते हैं उसकी हवा बिगड़ गई है लायलटी की भावना लोगों में कम हो गई है। उनका कहना यह है कि पोलिटिकल पार्टी अगर ठीक रीति से चलती हैं तो पब्लिक भी उस ठीक रास्ते पर जायेगी। मैं समझता हूं कि यही उनका इंटेंशन है। अगर ऐसी बात है तो मैं नहीं समझता हूं कि इस बिल में उस इंटेंशन की पूर्ति हो जायेगी। यह तो खाली मिनिस्टर्ज के लिये है। पिछले छः महीने में या एक साल में जितने लोगों ने डिफैक्ट किया है उन सब को तो मिनिस्टर बनाया नहीं गया है। उनके साथ और भी पंद्रह, बीस या तीस आदमी इधर उधर गये हैं। मधु लिमये जी का जो इंटेंशन है उससे मैं सवा सोलह आने सहमत हूं कि इस देश में इस तरह की चीज नहीं होनी चाहिये। उन्होंने आब्जैक्टस एंड रीजंज में यह भी कहा है कि कांग्रेस पार्टी का इसको देखना काम था। मैं उनसे इस में भी सहमत हूं। पिछले बीस साल से कांग्रेस की हकूमतें बनती रही हैं और न केवल लोगों को मंत्री बनाया गया है लेकिन थानु पिल्ले जैसे लोगों को गवर्नर भी बनाया गया है। लेकिन मैं समझता हूं कि आपको यहां ये सब बातें लिखनी होंगी ताकि जो आदमी इधर से उधर आता है तो न केवल उसको मंत्री न बनाया जाये बल्कि उसको किसी कमेटी का चेयरमेन या गवर्नर भी न बनाया जाये या किसी और पद पर उसको आसीन न किया जाये। यह जो रास्ता पद देने का है फिर चाहे कांग्रेस की ओर से निकाला गया हो या किसी दूसरी पार्टी की ओर से, इसको बन्द किया जाना चाहिये। मैं इससे सहमत हूं। जब हम रेलों में इधर उधर प्रवास करते हैं तो लोगों का जो देखने का रुख हमारी तरफ रहता था आज वह भी बदल गया है। लोगों के रुख को भी हमें ध्यान में रखना होगा।

[श्री तुलसीदास जाधव]

इसके अन्दर इन्होंने यह भी कहा है कि इसके बारे में कनवेंशन होना चाहिये । में उससे भी सहमत हूं । मेरे पास ये तीन पुस्तकें हैं, "कैबिनेट रिफ़ार्म इन ब्रिटेन, 1914–63", "स्टुडेंट स्टडीज़ इन ब्रिटिश गवर्नमेंट" और "कैबिनेट गवर्नमेंट"। उपाध्यक्ष महोदय, आप बड़े हुशियार हैं । आप हमेशा इस प्रकार की पुस्तकों में बड़ी दिलचस्पी लेते हैं । मेरे पास वक्त नहीं है कि मैं इन पुस्तकों में से क्वोट करूं । लेकिन मैंने देखा कि चर्चिल और उसके बाद के प्राइम मिनिस्टर्ज़ को भी अपनी कैबिनेट के सदस्यों की संख्या को कम या ज्यादा करना पड़ा । वार के समय केवल नौ मिनिस्टर कैबिनट में लिये गये, जब कि उसके चौदह साल बाद कभी कभी पार्लियामेंटरी सेक्रेटरीज़ और सेक्रेटरीज़ आफ स्टेट को मिला कर कैबिनेट के सदस्यों की संख्या 100 तक हो जाती थी । मेरा कहना यह है कि काम में वृद्धि होने पर मिनिस्टरों आदि की संख्या में वृद्धि करनी ही पड़ती है । और किसी डवलपिंग कंट्री में मिनिस्टरों की संख्या फिक्स करने से काम चलेगा, मुझे ऐसा नहीं लगता है ।

जहां तक हमारे मिनिस्टरों का सम्बन्ध है, मुझे ऐसा लगता है कि वे काम करने के बजाये बहुत घूमते हैं, जिसका परिणाम यह होता है कि सरकारी अधिकारियों के लिये आफ़िस में काम करना मुश्किल हो जाता है । शायद वे काम के लिये ही जाते हों । मेरा उद्देश्य किसी की टीका करना नहीं है । जिस देश में डेवेलेपमेंट का कार्य होता है, उसमें इस रीति से मंत्रियों की संख्या फिक्स करने से काम चलेगा या नहीं, इस पर हम को विचार करना चाहिये ।

माननीय सदस्य ने जो आंकड़े दिये हैं, उन्हें मैं स्वीकार नहीं करता हूं, लेकिन उनकी इन्टन्शन से मैं सहमत हूं । अगर कोई व्यक्ति अपनी पार्टी को छोड़ कर पार्टी इन पावर में आता है, तो उसको किसी भी हालत में कोई पद नहीं देना चाहिए, इस बात की व्यवस्था अवश्य की जानी चाहिये । लेकिन अगर मंत्रियों की संख्या निर्धारित कर दी जाये, तो उस व्यवस्था का उल्लंघन कई तरीकों से हो सकता है । पार्टी इन पावर किसी सदस्य को पंद्रह बीस सदस्यों के साथ डिफेक्ट करने का प्रलोभन दे और अपने वर्तमान मंत्रियों में से एक दो से इस्तीफ़ा दिलवा कर डिफेक्ट करने वाले सदस्य को मंत्री बना दे और इस प्रकार मंत्रियों की निर्धारित संख्या को न बढ़ने दे । बुराई करने के लिये कई रीतियां हो सकती हैं । हिन्दुस्तान में लाइफ के सब क्षेत्रों में इतनी करप्शन और बुराई फैली हुई है कि हर एक आदमी कहता है कि इस देश में कोई अच्छी चीज नहीं है ।

आज कांग्रेस पार्टी पावर में है । हो सकता है कि कल श्री मधु लिमये किसी प्रदेश के चीफ़ मिनिस्टर बन जायें । वह विद्वान हैं, हुशियार हैं । डमोक्रसी में कोई बन्धन नहीं है । जो लोगों का काम करेगा, जो प्रामाणिक और आनेस्ट होगा, वह लोगों का आदर और विश्वास प्राप्त कर सकेगा । इस बिल का उद्देश्य यह है कि कोई भी दल कोई प्रलोभन दे कर किसी को डिफेक्शन करने के लिये प्रेरित न करे । इस उद्देश्य को मैं सपोर्ट करता हूं । अगर गवर्नमेंट मंत्रियों की संख्या फिक्स करे, तो मुझे कोई नाराजगी नहीं होगी ।

इस बिल के उद्देश्यों के स्टेटमेंट में कहा गया है कि दूसरी पार्टियों ने कांग्रेस पार्टी का रास्ता अख़्त्यार किया है । मेरा कहना है कि दूसरे दलों में भी बहुत से अच्छे और पुराने लोग एम० एल० ए० और एम० पी० हैं, पावर में आये हैं । मैं उनको कहना चाहता हूं कि ठीक रास्ता बताना केवल कांग्रेस का ही काम नहीं है, बल्कि उनमें भी रास्ता बताने के लिये बहुत से अच्छे और योग्य आदमी हैं । उन सब को भी इस बारे में रास्ता बताना चाहिये ।

श्री अब्दुल गनी डार (गुड़गांव): डिपुटी स्पीकर साहब, मैं श्री मधु लिमये को बधाई देता हूं कि उनके बिल की जो नीयत है, उसके पीछे जो विचार है, उसको कांग्रेस और आपोजीशन दोनों के मेम्बरान ने एप्रिशिएट किया है। सरकार इस बारे में क्या करने जा रही है, यह मैं नहीं जानता हूं। लेकिन सरकारी पार्टी के काफी अच्छे मेम्बरों ने श्री मधु लिमये की ताईद की है। लेकिन मैं श्री मधु लिमये से कहना चाहता हूं कि मर्ज बढ़ता ही गया, ज्यों ज्यों दवा की। अगर सिर्फ यही मुसीबत हो कि मिनिस्टरों की तादाद मुनासिब रखी जाये, तो मैं मान सकता हूं।

बचपन में हम सुना करते थे कि हाथी जीता लाख का और मरा सवा लाख का, लेकिन हमारे दिमाग में नहीं आता था कि कैसे। 1967 के इलैक्शन में हमारे जो मिनिस्टर पार्लियामेंट का इलैक्शन हार गये, उनको किसी न किसी बड़ी आर्गनाइजेशन, कम्पनी या कारपोरेशन का चेयरमैन बना दिया गया। किसी को पेट्रोलियम की आर्गनाइजेशन का और किसी को सीड्ज की कारपोरेशन का चेयरमैन बना दिया गया। मैं मानता हूं कि कांग्रेस वाले चाहते हैं कि मौजूदा हालत में सुधार किया जाये और मैं इसको पसन्द करता हूं। लेकिन यह मर्ज यहीं थोड़ा खत्म हो गया है?

जो आदमी मिनिस्टर नहीं बन सका, वह किसी और तरह का रूप धारण कर के, अपनी कम्यूनिटी को अपनी बैंक पर ला कर इन्दिरा जी को डराये, कांग्रेस के नेताओं और बड़े बड़े मुसलमान नेताओं के साथ उनके पास जाये और डर के मारे उसको किसी कारपोरेशन वगैरह का चेयरमैन बना दिया जाये, यह कोई अच्छी भावना नहीं है और इससे देश तरक्की नहीं कर सकेगा। ऐसे लोगों की तन्ख्वाह और एलाउंसज बढ़ जाते हैं। यहां तो वे हाउस को जवाबदेह होते हैं।

श्री मोरारजी देसाई के लिए भी इस हाउस में बख्शिश नहीं है। आखिर में उन्होंने लीगल पहलू की तनाह ली कि उनका बेटा पेन्शन लेता है, तन्ख्वाह लेता है, सीधे रास्ते से लेता है या उल्टे हाथ से लेता है। वह भी कहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट में जाओ। मैं समझता हूं कि सुप्रीम कोर्ट का फ़ैसला यकीनन मोरारजी देसाई के खिलाफ़ जायेगा।

अगर श्री मधु लिमये की स्पिरिट कांग्रेस वालों और आपोजीशन में प्रवेश अपना करे, तो मैं समझता हूं कि उसका फ़ायदा होगा। मैंने और देशों को भी देखा है, लेकिन मैंने यहाँ पर एक ही सरकार देखी है, जो चालीस फ़ीसदी से कम वोट ले और फिर भी राज करे। उसका बहाना यह है कि जनता ने हमें वोट तो ज्यादा नहीं दिये, किन सीट तो हमने ज्यादा ले ली है, क्योंकि दूसरे लोग आपस में लड़ते हैं। इन्दिरा जी को चाहिये कि वह खुद रिजाइन कर के एक अच्छी मिसाल कायम करें और देश का वर्डिक्ट लें कि वह उनके हक में है या नहीं।

मझे उम्मीद है कि ला मिनिस्टर साहब इस बिल पर काफी विचार करेंगे। वह भद्र पुरुष हैं और नेक हैं। मैं आप का शुक्रिया अदा करता हूं, लेकिन मैं मधु लिमये को कहना चाहता हूं कि यह ऐसा मर्ज नहीं है, जिसका इलाज आसानी से हो सके।

---

شری عبدالغنی ڈار (گوڑگاؤں) : ڈپٹی سپیکر صاحب - میں شری مدھو لمیے کو بدھائی دیتا ہوں کہ ان کے بل کی جو نیت ہے - اس کے پیچھے جو وچار ہے - اس کو کانگریس اور اپوزیشن دونوں کے ممبران نے ایپریشیئٹ کیا ہے - سرکار اس بارے میں کیا کرنے جا رہی ہے - یہ میں نہیں جانتا ہوں - لیکن سرکاری پارٹی

[شری عبدالغنی ڈار]

کے کافی اچھے ممبروں نے شری مدھو لمیے کی تائید کی ہے - لیکن میں شری مدھو لمیے سے کہنا چاہتا ہوں کہ مرض بڑھتا ہی گیا - جوں جوں دوا کی - اگر صرف یہی مصیبت ہو کہ منسٹروں کی تعداد مناسب رکھی جائے - تو میں مان سکتا ہوں -

بچپن میں ہم سنا کرتے تھے کہ ہاتھی جیتا لاکھ کا اور مرا سوا لاکھ کا - لیکن ہمارے دماغ میں نہیں آتا تھا کہ کیسے - ۱۹۶۷ع کے الیکشن میں ہمارے جو منسٹر پارلیمنٹ کا الیکشن ہار گئے - ان کو کسی نہ کسی بڑی آرگنائزیشن - کمپنی یا کارپوریشن کا چیرمین بنا دیا گیا - کسی کو پیٹرولیم کی آرگنائزیشن کا اور کسی کو سینٹرز کی کارپوریشن کا چیرمین بنا دیا گیا - میں مانتا ہوں کہ کانگریس والے چاہتے ہیں کہ موجودہ حالت میں سدھار کیا جائے اور میں اس کو پسند کرتا ہوں - لیکن یہ مرض یہیں تھوڑا ختم ہو گیا ہے -

جو آدمی منسٹر نہیں بن سکا - وہ کسی اور طرح کا روپ دھارن کرکے - اپنی کمیونیٹی کو اپنی بیک پر لا کر اندرا جی کو ڈرائے - کانگریس کے نیتاؤں اور بڑے بڑے مسلمان نیتاؤں کے ساتھ ان کے پاس جائے اور ڈر کے مارے اس کسی کارپوریشن وغیرہ کا چیرمین بنا دیا جائے - یہ کوئی اچھی بھاونا نہیں ہے اور اس سے دیش ترقی نہیں کر سکیگا - ایسے لوگوں کی تنخواہ اور الاؤنسز بڑھ جاتے ہیں - یہاں تو وہ ہاؤس کو جوابدہ ہوتے ہیں -

شری مرار جی دیسائی کے لئے بھی اس ہاؤس میں بخشش نہیں ہے - آخر میں انہوں نے لیگل پہلو کی پناہ لی کہ ان کا بیٹا پینشن لیتا ہے - تنخواہ لیتا ہے - سیدھے راستے سے لیتا ہے یا الٹے ہاتھ سے لیتا ہے - وہ بھی کہتے ہیں کہ سپریم کورٹ میں جاؤ - میں سمجھتا ہوں کہ سپریم کورٹ کا فیصلہ یقیناً شری مرار جی دیسائی کے خلاف جائیگا -

اگر شری مدھو لمیے کی سپورٹ کانگریس والوں اور اپوزیشن میں پریوپل اپارہ کرے - تو میں سمجھتا ہوں کہ اس کا فائدہ ہوگا - میں نے اور دیشوں کو بھی دیکھا ہے - لیکن میں نے یہاں پر ایک ہی سرکار دیکھی ہے - جو چالیس فیصدی سے کم ووٹ لے اور پھر بھی راج کرے - اس کا بہانہ یہ ہے کہ جنتا نے ہمیں ووٹ تو زیادہ نہیں دئے - لیکن سیٹیں تو ہم نے زیادہ لے لی ہیں - کیونکہ دوسرے لوگ آپس میں لڑتے ہیں - اندرا جی کو چاہئیے کہ وہ خود ریزائن کرکے ایک اچھی مثال قائم کریں اور دیش کا ووٹ لیں کہ وہ ان کے حق میں ہے یا نہیں -

مجھے امید ہے کہ لا منسٹر صاحب
اس بل پر کافی وچار کرینگے - وہ
بہدر پرش ہیں اور نیک ہیں -
میں آپ کا شکریہ ادا کرتا ہوں -
لیکن میں شری مدھولمیے کو کہنا
چاہتا ہوں کہ یہ ایسا مرض نہیں
جس کا علاج آسانی سے ہو سکے - ]

SHRI A. SREEDHARAN (Badagara): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I wholeheartedly support this Bill even though it might cause unemployment to some if it is adopted. This Bill has come at a very critical period in the history of our country, when our faith in parliamentary democracy is being eroded and a section of our people are thinking seriously whether the system of democracy which we have in our country should be remoulded and whether we should have a parliamentary form of government or we should go in for some type of presidential form of government. This state of thinking has come about because of the lamentable performance of our Ministry. We have so numerous a number of ministers that you cannot go to a guest house. You ask for a room and they say, the minister is here, his nephew is here, his uncle is here, his private secretaries are here. They have become such a big host that the administration also is suffering. It is always better to have a competent ministry for the efficient running of administration.

I would like to give one or two examples. If only we could bring the Ministries of Railways, Transport and Shipping under one man, that Ministry could be more efficiently run. If only we could bring the Ministry of Agriculture and Irrigation and Power under one man, that Ministry could be more effectively run. Today we have too many Ministers and there is clash between Ministries and files take such a long time to mature. Files go on jumping from one Ministry to another. One Ministry objects to it while another Ministry tries to get it through with the result that even developmental activities are put in cold storage.

History has proved that compact Ministries have done more efficiently than unwieldy ones. We have various types of Ministers—corrupt ones and honest ones, efficient ones and dunce ones, active ones and passive ones. While making selection political considerations always weigh and cliques and groups exert their influece. By cutting down the number of Mnisters alone, I do not think we can change the face of democracy but it blazes its trail. It is for that pioneering effort that I congratulate the mover of this Bill, Shri Madhu Limaye.

Along with this I would like to make a suggestion, and that is this. At least 51 per cent of our Ministers should be women and people belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes and backward communities.

SHRI RANGA (Srikakulam): Why restrict it to 51 per cent? Why not the whole lot?

SHRI A. SREEDHARAN: If that could be done, the services of talented people like Shri Sheo Narain could be placed at the disposal of the government. A number of other measures are necessary to make our parliamentary system effective. Shri Madhu Limaye has invited the attention of the House and of the country to one among many such measures. I appeal to the Law Minister to accept this Bill. If he does that, Shri Panampalli Govinda Menon will do down in the history as one of those men who saw light and wisdom at the proper stage and my State and the country would be proud of him.

SHRI SEZHIYAN (Kumbakonam): I rise to support the timely Bill that has been introduced by my hon. friend, Shri Madhu Limaye. I accept the principle on which this Bill is based, but the formula which he wants to recommend by certain calculations, that I want to contest. I would say that it should be reconsidered.

[Shri Sezhiyan]

As explained by the speaker who preceded me, it is high time that we do something to restore the confidence of the people in democratic procedures. The ministerial job should not be used to attract defectors. A friend who was speaking from the Congress benches, Shri Yadhav, said that they have not provided ministerial jobs to all the defectors. That is the only thing that he could find fault with! They have given ministership to almost all of them but not to all.

Some time ago in Madras there was a very satirical play, a modern play by Cho. Muhammad bin Tuglak ressurects, comes to the modern days and contests the election on a party ticket. His party secures about 240 seats and since he is elected the leader of the party, he becomes the Prime Minister. Then there is a clamour not only for Ministership but for Deputy Prime Ministership. Tuglak solves the problem by saying "I am the Prime Minister; I will make all the 239 of you Deputy Prime Ministers". In that way, the modern Tuglaks solve the problem.

The same thing is being done in most of the States. In Punjab, for instance, all the members of the ruling party excepting one have been given ministership. The position of the office of Minister has been reduced to that extent. Therefore, this Bill is a timely one. My only objection to the Bill is to the formula. Shri Madhu Limaye fixes the numerical strength of the Cabinet as one-twelfth of the strength of the lower House or Assembly. But the numerical strength of the Assembly varies from State to State. It is not based on any rational or logical principle. It is not related to the population. Of course, in the case of Lok Sabha the Delimitation Commission goes into the question of population and fixes the constituency. But if you take the Assembly, for instance, in Madras State up to the year 1967, the parliamentary constituency had only five Assembly seats. Now it has six. But if we go to Mysore or Andhra, for each Parliamentary constituency there are seven Assembly seats. Therefore the numerical strength of the Assembly itself varies and we should not base our calculation on a varying numerical data. We should have some correlation which is fixed and uniform throughout the country. Therefore when the Minister takes this into consideration I would also like him to take into consideration that the formula to be followed should be uniform throughout the country. If we follow this formula, then perhaps for Pondicherry we will have half a Minister or a quarter of a Minister. But we can fix the lowest number, say three or five, and the maximum. But we should calculate on some basis which is uniform and rational.

THE MINISTER OF LAW (SHRI GOVINDA MENON): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I am today in the happy position of being able to accept the principle underlying the Bill which has been supported by almost all the speakers who participated in the discussion. These speakers came from various parts of the country and belonged to various political parties represented here.

Government also have been thinking about this problem for the last few months. You are aware, Sir, that the Government has appointed a committee, known as the Committee on Defections, in which representatives of all the political parties are there. There are certain leading jurists and lawyers also in that committee.

The occasion for the constitution of that committee was the very depressing spectacle of defections which we witnessed in various Legislatures after the fourth general elections. I shall not mar the consensus which was evident in the speeches today by referring to the question as to who has been responsible for defection and all that. I do not think this is the occasion when we should indulge in that kind of controversy.

It is a fact that there have been defections and to an extent which is deplorable. The object of the constitution of the committee was to recommend to Government the steps which may be taken in order to avoid this kind of political demoralisation in the country. After a few sittings of that committee, wherein a paper was placed by the Government in which one of the recommendations was limitation statutorily of the size of Cabinets, the Home Minister requested me to convene a conference of the lawyer-members of the committee so that we could consider what exactly could be done legally, *i.e.*, by enactment, in order to avoid this trouble. The lawyer-members, three or four of them, eminent people like Shri Setalvad, our Attorney-General, Shri Daphtary, Shri Kumaramangalam, ex-Advocate General of Madras and myself, met and made a report to the Committee on Defections. One of the recommendations which we made was that it would be advisable to limit by an amendment of the Constitution the strength of Cabinets both at the Centre and in the States.

Bloated Cabinets are occasioned on account of the phenomenon of defections, sometimes to avoid defections and sometimes because defections took place. Where a ministry is toppled as a result of defections, those who have defected have been expecting something in return and if that something was not available, they would have re-defected, if that word could be used. Therefore, we see that in many places Cabinets out of size have come into existence. I do not want to indicate where it has happened like that. Apart from defections, it would, certainly, not be liked by the people to see that there are very large Cabinets. The people would not like it and democracy would come to be ridiculed if we have too large or too big Cabinets either in the States or in the Centre. So, it was recommended that there should be an amendment of the Constitution. It would, perhaps, be much better, as was suggested by my veteran friend, Prof. Ranga, in the Committee, that most of the things sought to be done by legislation could be effected by a moral code which could be evolved by various political parties sitting together. That is true. Whatever be the law which we enact and whatever be the amendments which we effected in the Constitution, it would be much better if we could have a common moral code which would be adhered to by different political parties. But I say this also that we need not be ashamed to limit statutorily the size of the Cobinets in our country because, I find this has been done in other countries also.

In a politically mature country like the United Kingdom, I find that there is a statute enacted in 1957 which replaces earlier statutes under which the size of the Cabinet is statutorily limited. I have before me that legislation of 1957. Now, the wording of that statute is very complicated and, therefore, I would read out a summary of the provisions in that statute from one of the Commentaries of the Constitution of India which I have before me. This is what has been done in the United Kingdom. It says:

> "The holders of political offices in excess of the numbers specified in Section 2(1) of the Act are disqualified. This means that Ministers, as a class, are not exempted from the disqualification. Not more than 27 of the Ministers named in Part I of the Second Schedule . . ."

—they are the senior Ministers; they shall not be more than 27—

> " . . . and not more than 70 of the Ministers specified in both Part I and Part II of the Second Schedule shall be entitled to sit and vote in the House at any one time."

27 senior Ministers and 43 junior Ministers, together 70, not more than that. The technique adopted is this:

[Shri Gobinda Menon]

"The maximum number of Ministers who are not disqualified will be maintained by the order of their appointment as Ministers so that any Minister who is appointed after the quota is filled up will be disqualified from sitting or voting unless the number of sitting Members is reduced by death or resignation."

That is the technique adopted in England so that if there are 72 Members, the 2 who are last appointed will have to wait in queue to see that one or other of the other 70 either resigns or dies before he could sit and vote in the House. Now, that system of limiting the number of Ministers may not be suitable to our country because we have a written Constitution. As rightly pointed out in the Bill which is now before us, unless the articles relating to the formation of Ministries, namely, 75 and 163, are amended appropriately, the legislation in this respect would be unconstitutional. That is why a Constitutional amendment is necessary. I find this in certain other Constitutions also; the Irish Constitution provides for the number of Ministers to be not less than seven and not more than ten; the Japanese Constitution Empowers the Legislature to fix the number of Ministers; and the Government of India Act, 1935, limited the size of the Ministry at the federal Centre to 15. That is why we found that immediately before Independence whenever the British Government sought to form a national Cabinet at the Centre, they fixed the number at 15. So, this process of limiting by law the size of Ministries is not a novel one. I would, therefore, be happy to accept the principle underlying the Bill produced by Mr. Madhu Limaye here because even before the Bill was introduced, Government was also working along these lines. Now this is not the occasion to discuss whether it should be 1|12th or 1|15th or 1|11th and all that. I request Mr. Limaye to withdraw the Bill in the interest of the principle which all of us would like to see established because even if I accept the Bill now as it is, being an amendment of the Constitution, it would not become law because the necessary quorum itself is not here. Mr. Limaye himself is a member of the Committee on Defections and I see many other faces also here of the members of that Committee. The last sitting of the Committee is to take place early in August and it would be possible for us, by a consensus, to finalise the provisions which would be necessary in this behalf. After that, I am sure I would be able to bring a Bill before this House on behalf of Government.

SHRI RABI RAY (Puri): In the next Session?

SHRI GOVINDA MENON: As soon as it is over.

**श्री रबि राय** : बहुत जल्दी लाइयें ।

**श्री गोविन्द मेनन** : बहुत जल्दी लाऊंगा ।

So, I would request my hon. friend, Mr. Limaye, to withdraw the Bill. I appreciate the uniformity of opinion, the consensus, in this regard which was visible with respect to this discussion.

**श्री मधु लिमये** : (मुंगेर) उपाध्यक्ष महोदय, कानून मंत्री ने कहा कि ऐसे मौके कम आते हैं जब सत्ताधारी दल के लोग और हम लोग दोनों के बीच में एक राय हो जाती है । लेकिन मुझे खुशी है कि मेरे दो विधेयकों को लेकर इस तरह की राय इस सदन में व्यक्त हुई है । एक कम्पनी कानून बिल . . .

SHRI R. D. BHANDARE: It is wrong.

**श्री मधु लिमये** : गलत नहीं कह रहा हूं, ठीक कह रहा हूं । आप ही ने अकेले विरोध किया है, बाकी सब ने समर्थन किया है ।

**श्री रा० डी० भण्डारे** : मैं एक प्रश्न पूछना चाहता हूं––यह जो नम्बर लिमिट करने की बात है, डिफैक्शन के खिलाफ है या दूसरा कोई कारण है ? I know the reasons why the number is reduced under the Minister's Salaries Act of 1947.

---

17 hrs.

**श्री मधु लिमये** : मैं इस का उत्तर दूंगा । मुझे खुशी है कि पिछले वर्ष जब मैंने कम्पनी कानून में संशोधन लाने के लिये विधेयक पेश किया, जिसके अन्तर्गत कम्पनियों द्वारा जो राजनीतिक दलों को चन्दा दिया जाता है, उस को खत्म करने का सुझाव मैंने रखा था और मैनेजिंग एजेन्सी प्रथा को मिटाने का सुझाव भी रखा था । जब माननीय मंत्री ने सिद्धान्त रूप में उस को मान लिया, तो मैंने उन के अनुरोध पर अपने विधेयक को वापस ले लिया था । आज कानून मंत्री ने मेरे विधेयक के पीछे जो सिद्धान्त हैं, जो भावना है, चूंकि उस को कुबूल किया है, इसलिये मैं पहले ही कह देना चाहता हूं कि सदन की इजाजत से मैं अपने विधेयक को वापस लेने वाला हूं । इस चर्चा को लेकर दो चार बातें उठी हैं, उनके बारे में मैं कुछ कहना चाहता हूं । यह बात सही है कि श्री वेंकटसुब्बया ने जो प्रस्ताव रखा था उसके अनुसार एक कमेटी नियुक्त की गई इस उद्देश्य से कि देश में जो दल परिवर्तन का सिलसिला चल रहा है उस पर रोक लगाने के हेतु कुछ सुझाव वह समिति दे और आवश्यकता पड़ने पर कानूनी परिवर्तन का सुझाव भी वह समिति दे । इस समिति की जो पहली बैठक हुई उस बैठक में मैंने एक प्रस्ताव दिया था कि मंत्रि-परिषद् की संख्या पर हमें रोक लगानी चाहिए । अब भंडारे साहब ने पूछा कि यह रोक लगाने वाली जो बात है क्या वह केवल दल परिवर्तन की पृष्ठ भूमि में थी या उस के पीछे कोई और कारण थे । तो मैं उनसे निवेदन करना चाहता हूं कि इस कमेटी के सामने भी सबसे पहले मैंने सुझाव दिया था और यह विधेयक भी पेश किया था । जैसा कि मैंने अपने ब्यान में, जो कि इस बिल के साथ जुड़ा हुआ है, कहा है कि उसके पीछे दो कारण हैं बड़े । दल परिवर्तन पर रोक लगाना, यह प्रमुख कारण नहीं है । प्रमुख कारण यह है कि राजनीति में जो पदलोलुपता और अवसरवादिता बढ़ रही है जिससे लोकतंत्र के लिए एक खतरा उत्पन्न हो रहा है, उस पर रोक लगाना। यह भी एक कारण है । जब कोई बड़ा रोग उत्पन्न होता है तो मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो यह कहते हैं कि एक ही उसका कारण है, उसके कई कारण हो सकते हैं । लेकिन एक-एक करके ही उन कारणों को अगर हम दूर करेंगे तो हो सकता है कि कुछ प्रयास के पश्चात् रोग काबू में आ जाए । इसलिए पदलोलुपता और अवसरवादिता का जो रोग है और दल परिवर्तन की जो बीमारी है, दोनों पर रोक लगाने के लिए कई सुझावों पर हमने विचार किया । उनमें से एक सिद्धान्त यह था । मेरा दावा यह नहीं है कि इस सिद्धान्त को कबूल करने के पश्चात् राजनीति का बिल्कुल शुद्धिकरण हो जायेगा बल्कि उसके लिए बहुत सी बातें करनी पड़ेंगी ।

रंगा साहब ने कहा कि सभी काम कानून और नियमों के जरिए से नहीं होते हैं, यह मैंने स्वयं भी कहा है । लेकिन बीस साल के अनुभव के बाद मैं अब यह बहस छेड़ना नहीं चाहता कि दोषी कौन है । लेकिन कानून मंत्री कम से कम इतना मानेंगे कि आजादी के पश्चात् जब कुछ पुराने लोगों ने कांग्रेस से हटकर सोशलिस्ट पार्टी बनाई तो पहली बार आचार्य नरेन्द्र देव के नेतृत्व में एक नया आदर्श देश के सामने रखने की हमने कोशिश की । चूंकि कांग्रेस राष्ट्रीय मोर्चे के रूप में थी तो कई लोगों ने कहा कि

[श्री मधु लिमये]

आप कांग्रेस से अलग हो गए लेकिन इस्तीफा देने की कोई जरूरत नहीं है । लेकिन चूंकि हमने कांग्रेस का टिकट पाया था और हमने वचन दिया था कि कांग्रेस के प्रति वफादार रहेंगे, इसलिए हमने सोचा कि अपना अलग दल बनाने के पश्चात् हमें विधान सभा में नहीं रहना चाहिए । इसलिए स्वयं आचार्य नरेन्द्र देव जी ने और उनके साथियों ने इस्तीफा दिया । उसके पश्चात् कांग्रेस पार्टी को चाहिए था कि सभी दलों को वह बुलाती और इस तरह की स्वस्थ परम्पराओं का निर्माण करने की कोशिश करती लेकिन वह नहीं हुआ । इसके बावजूद मैंने अपने बयान में अकेले कांग्रेस पार्टी को दोषी नहीं ठहराया । कांग्रेस पार्टी सबसे बड़ी पार्टी है, उसकी पुरानी परम्परायें हैं इसलिए वह गुनहगार नम्बर एक है । इतना ही नहीं मैंने कहा । हम लोगों को भी मौका था, जब हमारे हाथ में सत्ता आई तो उसके बाद हम लोगों का भी कर्त्तव्य था कि हम कुछ नये आदर्श देश के सामने रखते । लेकिन स्वयं मैं ने कहा है, मैं आप लोगों की तरह नहीं हूं, गैरकांग्रेसी सरकारों ने जो गलत काम किए हैं उसकी नुक्ता-चीनी मेरे जैसे लोगों ने हमेशा की है, इस संसद् में भी आलोचना की है ।

आज मेरे पास जो सारे आंकड़े हैं, मैंने देखने की कोशिश की है कि मैंने जो सिद्धान्त रखा है कि 1/12 से अधिक मंत्री न हों तो उसकी पूर्ति कहां तक हुई है—उसमें भी मैं दलबाजों में नहीं जा रहा हूं—सबसे बड़ा आदर्श रखा है मद्रास ने जहां कि गैर-कांग्रेसी दल की हुकूमत है, डी०एम० के० की हुकुमत है और उसके साथ-साथ आंध्र प्रदेश भी है जहां कि कांग्रेस की गवर्नमेन्ट है । इसमें दलबाजी की कोई बात नहीं है । सिर्फ दो सूबों में एक बटा बारह से कम मंत्री हैं ।

अभी-अभी कानून मंत्री ने कहा कि यह जो दल परिवर्तन वाली कमेटी है, उसमें कुछ फैसले किये गये हैं, यह बात सही है, मैं उसका सदस्य भी हूं लेकिन मुझे खेद है कि कुछ कारणों से पिछली दो बैठकों में मैं जा नहीं सका । लेकिन जो फैसले हुए हैं वे गुप्त नहीं हैं, वह अखबारों में भी आये हैं, सदन की जानकारी के लिए रखता हूं । दो फैसले अच्छे हुए हैं जिनको पढ़कर सुनाना चाहता हूं :

"There was general agreement that there should be a limit on the strength of the Council of Ministers at the Centre and in the States. The limit should not be more than 10% of the strength of the House in the case of unicameral legislatures and not more than 11% of the strength of the Lower House wherever there were two chambers. In fixing the strength of the Council of Ministers, Parliamentary Secretaries should be included. Ministers could be drawn from both Houses."

उसके साथ जुड़ा हुआ है :

"There was wide agreement that no one who was not initially a member of the Lower House should be Prime Minister/Chief Minister. Effect would be given to this recommendation by suitably amending the Constitution."

अध्यक्ष महोदय, आपको याद होगा कि 66 में जब राज्य सभा के एक सदस्य को प्रधान मंत्री बनाया गया तो मैंने ऐतराज किया था, इसलिए नहीं कि मेरा कोई व्यक्तिगत झगड़ा था बल्कि मैं यह बताना चाहता था कि जिस तरह से आपको याद होगा कि 1920 के बाद जब इंगलैंड में कर्जन या बाल्डविन प्रधान मंत्री । बने इस बात को लेकर इंगलैंड में विवाद शुरू हुआ और उस वक्त यह सिद्धान्त प्रस्थापित हुआ कि लोकतांत्रिक

देश के प्रधान मंत्री हाउस आफ कामन्स के होंगे न कि हाउस आफ लार्ड्स के और इसलिए जब बीच में टोरी पार्टी के नेता डगलस ह्यूम बने तो उनको लार्ड्स से हटना पड़ा और कामन्स का चुनाव लड़कर वे प्रधान मंत्री बने। तो यह जो दोनों सिद्धान्त हैं उनको डिफेक्शन्स कमेटी ने कबूल किया है लेकिन इसमें जो प्रतिशत रखा गया है उससे मैं सहमत नहीं हूं। अभी मैंने कानून मंत्री से बात की, उन्होंने कहा आप बैठक में नहीं थे। अगस्त में बैठक होने वाली है जिसमें अंतिम फैसला होने वाला है, उसमें मौका है आप अपनी बात के लिए लड़ सकते हैं और इस बारे में उनका दिमाग भी खुला हुआ है। यह उन्होंने कहा। तो जो सिद्धान्त है वह तो सर्वमान्य है लेकिन क्या परसेंटेज, प्रतिशत रहे, 1/12 रहे या 11 परसेन्ट रहे उसके बारे में हो कुछ मतभेद है। अगस्त में जो बैठक होने वाली है उसमें मैं वह बातें रखूंगा। मुझे एतराज क्यों है, वह भी मैं बताना चाहता हूं। 11 परसेन्ट होने से देश को पता नहीं चलेगा कि कोई परिवर्तन हो रहा है। आज केन्द्र में कितने मंत्री हैं? 56 या 57 हैं। तो 11 पर सेन्ट इसलिए रखा गया है कि 57 आदमी ज्यों के त्यों बने रहें। इस पर मेरा एतराज है। इसमें कुछ त्याग करना पड़ेगा लेकिन केन्द्रीय सरकार समझती है कि हमने जो कुछ किया है वह सब आदर्श है। आदर्श क्या है वह अलग कसौटियों को लेकर हम लोग निश्चित करें और उसके अनुसार केन्द्रीय मंत्रि परिषद् को उसी ढांचे में ढालने की कोशिश करें न कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल का जो चित्र है उसको देखते हुए अपना ढांचा बनायें। यह मेरा सबसे बड़ा आक्षेप है। उसमें आपको कुछ कठिनाइयां हो सकती हैं लेकिन क्या हम लोगों को नहीं हो सकती हैं? मंत्रि परिषद् की संख्या बढ़ने का, दल परिवर्तन अकेला कारण नहीं है। सबसे बड़ा कारण यह है कि गैर-कांग्रेसी मोर्चे में चूंकि दलों की संख्या ज्यादा है और और एक दल को बहुमत न मिलने के कारण मंत्रिमंडल बनाते समय कई दलों को हमें शुमार करना पड़ता है, यह हमारी मुसीबत है। कांग्रेस पार्टी में तकलीफ यह है कि वह एक पार्टी होते हुए भी कई दलों या गुटों में बंट गई है। मोरारजी भाई का गुट इंदिरा गांधी का गुट, सिंडीकेट और न जाने क्या-क्या गुट हैं और इसलिए मंत्रिपरिषद् की संख्या बढ़ाने के लिए एक हमेशा दबाव बना ही रहता है। यह जो कानून के पंडितों की कमेटी थी उस ने स्वयं इस बात को स्वीकार किया है और उन्होंने कहा है कि अगर कानून से कोई सीमा निर्धारित की जायेगी तो उसका एक फायदा यह होगा कि प्रधान मंत्री पर और मुख्य मंत्री पर दबाव नहीं रहेगा क्योंकि प्रधान मंत्री और मुख्य मंत्री फिर कह पायेंगे कि आप को शिवनारायण जी हम मंत्री जरूर बनना चाहते हैं लेकिन क्या करें सीमा की वजह से लाचार हैं। कोई भी हों, भण्डारे जी हों या श्री पील मोडी हों, उन से प्रधान मंत्री या मुख्य मंत्री कह सकते हैं कि हम आप को बनाना तो चाहते हैं लेकिन कानून ने सीमा निर्धारित की है इसलिए हम कुछ नहीं कर सकते।

उपाध्यक्ष महोदय, मुझे खुशी है कि इस सिद्धान्त के बारे में हम लोगों में एक राय है और उन्होंने जैसे कि कहा है यह जो हम लोगों के दो फैसले हैं और दोनों को कार्यान्वित करने के लिए वह विधेयक ले आयेंगे।

मैंने अपने संशोधन विधेयक में 1/12 कहा है। कुछ लोगों ने 1/20 कहा है। श्री लोबो प्रभु और राणे जी ने 1/20 कहा है। मुझे आपत्ति नहीं है मद्रास का कोई नुकसान नहीं होना है। वहां तो 1/20 आज कायम हो गया है। के अनुसार उन के यहां करीब-करीब 10–11 मंत्री बन सकते थे लेकिन उन के यहां 9 हैं। दया प्रपोरशन हो वह हम कमेटी में विचार

[श्री मधु लिमये]

कर लेंगे लेकिन किसी भी कीमत पर मुझे यह 11 प्रतिशत वाला कबूल नहीं है क्योंकि उस में कोई परिवर्तन नहीं होता है । उसको छोड़ कर बाकी एक राय है । इसलिए सदन की इजाजत से मैं अपने इस विधेयक को मंत्री महोदय के आश्वासन पर और इस आशा पर कि सरकार जल्द से जल्द स्वयं एक विधेयक प्रस्तुत करेगी, वापिस लेना चाहता हूं ।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक बात का खुलासा कर देना चाहता हूं । मंत्री की परिभाषा हमारे नियमों में है इसलिए मैंने यहां पर नहीं की थी । हमारे नियम के अनुसार मंत्री की जो परिभाषा दी गई है उसके अनुसार उस में कैबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री, उप मंत्री और पार्लियामैंटरी सेक्रेटरीज सभी आते हैं । स्पष्टीकरण के तौर पर इसको विधेयक में रखने का विरोध करने की कोई बात नहीं है । यह ठीक है कि नियमों में हमारे वह है लेकिन नियम तो हम बहुमत से बदल सकते हैं इसलिए अच्छा यह होगा कि यह चीज संविधान में आ जाये । कानून व संविधान में अगर यह आ जायेगी तो बहुत अच्छा होगा ।

जैसा मैंने पहले कहा इस आशा पर कि मंत्री महोदय शीघ्र इस तरह का एक अच्छा विधेयक सदन के सामने मंजूरी के लिये ले आयेंगे मैं अपने विधेयक को वापिस लेने की इजाजत चाहता हूं ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Has the hon. Member leave of the House to withdraw his Bill?

SOME HON. MEMBERS: Yes.

SHRI MADHU LIMAYE: I withdraw the Bill.

*The Bill was, by leave, withdrawn.*

---

17.13 hrs.

## CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL

(*Amendment of article* 120) by Shri Sezhiyan

SHRI SEZHIYAN (Kumbakonam): Sir, I move:

"That the Bill further to amend the Constitution of India, be taken into consideration."

My Bill seeks to amend article 120 of the Constitution. The principle on which this article is based is a very vital one. It has been raised here several times in the past and even in the last Lok Sabha I gave notice of a Private Member's Bill and several other Members belonging to other Parties gave notice of similar Bills. Only now I have the good fortune to have it balloted and get priority. I do not want to go into the entire question of the official language policy of India and that is not under discussion now. This has only limited scope. What should be the language that can be used in Parliament, by Members of Parliament and the discussion is confined to this narrow ambit. When we begin to speak, several Members ask: why don't you speak in your own mother tongue? We readily agree; we want to; it will be a happy occasion when we can do so. But there is the impediment of the Constitution. Article 120 defines the languages in which the business of Parliament should be conducted.

Article 120 says:

"Notwithstanding anything in Part XVII, but subject to the provisions of article 348, business in Parliament shall be transacted in Hindi or in English."